


# ज़ामा बहुत अच्छी है


Michael Oguttu
Vusi Malindi
Tanvi Sirari

Hindi
Level 2



मेरा छोटा भाई बहुत देर तक सोता है। मै जल्दी उठती हूँ, क्योकि मै बहुत अच्छी हूँ।



मैं सूरज की रोशनी को अंदर आने देती हूँ।



“तुम मेरी सुबह की तारा हो,” माँ कहती हैं।



मैं अपने आप नहा लेती हूँ, मुझे मदद की ज़रूरत नहीं है।



मैं ठंडे पानी और बदबुदार साबुन को सह लेती हूँ।



माँ याद दिलाती हैं, “दात मलना मत भूलना।” मैं जवाब देती हूँ, “मैं कभी नहीं भूलती।”




नहाने के बाद मैं दादा और दादी को अच्छे दिन की शुभकामना देती हूँ।




फिर में कपड़े पहनती हूँ, “माँ मैं अब बड़ी हो गई हूँ,” मैं कहती हूँ।



मैं अपने बटन बंद करती हूँ और फीते बाँधती हूँ।



और मैं अपने छोटे भाई को विद्यालय की सारी ख़बर देती हूँ।




मैं कक्षा में बहुत मेहनत करती हूँ।



मैं हर रोज़ अच्छे काम करती हूँ। लेकिन मुझे सबसे ज़्यादा खेलना पसंद है।

# Storybooks Outline

global-asp.github.io/storybooks-outline

## ज़ामा बहुत अच्छी है

Written by: Michael Oguttu
Illustrated by: Vusi Malindi
Translated by: Tanvi Sirari

This story originates from the African Storybook (africanstorybook.org) and is brought to you by Storybooks Outline in an effort to provide children's stories in the world's many languages.

This work is licensed under a Creative Commons
Attribution 3.0 International License.